# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–10 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्वच्छता संबंधी विशेष अभियान के चौथे संस्करण की सराहना की। विशेष अभियान के फलस्वरूप सरकारी खजाने को वर्ष दो हजार इक्कीस के बाद से कचरा बेचने से दो हजार तीन सौ चौसठ करोड़ रूपए के राजस्व समेत कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई है। केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह की एक सोशल मीडिया पोस्ट को अपने एकाउंट पर साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा है कि अभियान की सफलता दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अपने पोस्ट के जरिये अभियान के परिणामों से जुड़े आकड़ें सार्वजनिक किये हैं।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर बीस नवम्बर को प्रस्तावित उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकरनगर जिले के कटेहरी, मिर्जापुर जिले के मझवां और प्रयागराज जिले के फूलपुर विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा को सम्बोधित किया। कटेहरी विधानसभा में लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने अनुसूचित जाति और जनजाति के साथ अन्याय किया है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता भी उपचुनाव के प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में कल पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण गरीबों, व्यापारियों, किसानों, युवाओं और नौकरी–पेशा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**********

अयोध्या में प्रसिद्द कार्तिक पूर्णिमा मेले के प्रथम चरण में चौदह कोसी परिक्रमा आज समाप्त हो गई । इसके बाद पंचकोसी परिक्रमा देवोत्थानी प्रबोधनी एकादशी के अवसर पर कल दोपहर एक बजकर चौवन मिनट पर शुरू होगी। यह बारह नवम्बर को दोपहर ग्यारह बजकर अड़तीस मिनट तक चलेगी।

**********

मथुरा जिले में आज सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने तीन वन की पंद्रह कोसी परिक्रमा की। मान्यता है कि अक्षय नवमी पर वृंदावन, मथुरा और गरुड़ गोविंद की परिक्रमा से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसे तीन वन परिक्रमा के नाम से भी जाना जाता है। आज भोर से ही शुरू हुई इस परिक्रमा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने राधे राधे का जप करते हुए हिस्सा लिया।

**********

त्योहारों को मना कर अपने गंतव्य पर वापस लौटने वालों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों को जोड़ने वाली अट्ठाइस विशेष रेलगाड़ियों का आज संचालन किया जा रहा है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इनमें से अठारह गाड़ियां पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से चलाई जा रही हैं।वहीं वाराणसी स्थित कैंट रेलवे स्टेशन से लगभग तीस विशेष रेलगाड़ियां आगामी सत्रह नवंबर तक विभिन्न स्थानों के लिए गुजरेंगी। इनमें से छह से अधिक रेलगाड़ियां वाराणसी स्टेशन से ही चलेंगी।

**********

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के भीतर हुए तीन अलग अलग सड़क हादसों में ग्यारह लोगों की मौत हो गई । ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर आज सुबह नोएडा से परी चौक जा रही कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गयी। हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी ट्रैफिक अशोक कुमार ने बताया कि यह हादसा आज तड़के हुआ। वहीं हसनगंज थानाक्षेत्र स्थित लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर आज सुबह एक कार सड़क किनारे खड़ी कंटेनर से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार सवार पिता और उनके दो पुत्रों की मौत हो गई। शाहजहांपुर जिले के आल्हागंज थानाक्षेत्र में बीती रात दो मोटरसाइकिल की आमने सामने से हुई टक्कर में दो भाइयों और उनकी बहन की मौत हो गई।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज मौसम के मिजाज में हल्का बदलाव देखा गया। दिन में लोगों ने मामूली ठंड महसूस की। साथ ही बीते चौबीस घंटों के भीतर कहीं–कहीं छिछला से मध्यम कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि आगामी तीन दिनों तक यही स्थिति बनी रहेगी। श्रावस्ती जिले में कोहरे के कारण दृश्यता कम रही । पिछले चौबीस घंटों के दौरान अयोध्या में सबसे कम न्यूनतम तापमान सोलह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**********

आज विश्व टीकाकरण दिवस है। पूरी दुनिया में टीकाकरण के महत्व को प्रचारित करने और इसे बढ़ावा देने के लिए हर साल दस नवम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि बच्चों को बारह प्रकार की जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए जन्म से पांच साल की उम्र तक सात बार नियमित टीकाकरण जरूरी है। सभी सरकारी अस्पतालों में यह सभी टीके निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। साथ ही किशोरियों और गर्भवती को टीडी टीका निःशुल्क लगाने का प्राविधान है।

**********